# लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

❑ युवा महोत्सव में सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं के माध्यम से सभी वर्गों को मिल रहा एक बेहतर मौका-संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव राय

❑ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने खेलभाठा मैदान के रंगमंच के छत निर्माण के लिए की 5 लाख रूपये की घोषणा





**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव राय के मुख्य आतिथ्य एवं सारंगढ़ विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष उत्तरी गनपत जांगड़े की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी उपस्थित रहे।

संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चन्द्रदेव राय ने कहा कि बहुत खुशी है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना साकार होती हुई दिखाई दे रही है। सारंगढ़ की इस पावन धरा में अनेक प्रतिभाओं ने जन्म लिया है, इस युवा महोत्सव में जशपुर की संस्कृति से लेकर बस्तर के नृत्यों का अनुभव मिला है। इस युवा महोत्सव की एक बड़ी खासियत यह है कि सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं के माध्यम से हर उम्र के लोग इन आयोजनों में भाग ले सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम इसी प्रकार से लगातार बेहतर काम करते हुए गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पनाओं को साकार करेंगे। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला स्तर पर विजयी होकर संभाग में जाये एवं संभाग के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होकर अपने जिले का नाम रोशन करें।

सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी योजनाओं के कारण जिले स्तर के आयोजन लगातार हो रहे हैं, जो एक जिले के रूप में हमारे लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि नया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के खेलभांठा मैदान में हर महीने कुछ न कुछ आयोजन होता है। इस मौके पर उन्होंने मैदान के रंगमंच में छत के निर्माण के लिए नगर पालिका की ओर से 5 लाख रूपये की घोषणा की। ताकि आने वाले समय में होने वाले आयोजनों के लिए टेंट लगाने की आवश्यकता न हो।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने कहा कि पारंपरिक विधाओं के साथ ही संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा महोत्सव की शुरुआत हुई है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचल के प्रतिभागियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में युवाओं द्वारा किए जा रहे गतिविधियों ने उन्हें भी ऊर्जा मिलती है कि वे भी इनके संग होकर इन नृत्यों का हिस्सा बन जाएं। उन्होंने सभी को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां की स्मृतियां आपके साथ जीवंत रहेंगी, आप यहाँ से जीतकर संभाग स्तर पर जाएं और उसके पश्चात राज्य स्तर पर जाकर जिले का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के सदस्य पुरुषोत्तम साहू, कृषक कल्याण परिषद सदस्य शरद यादव, सारंगढ़ जनपद अध्यक्ष मंजू मालाकार, बरमकेला जनपद अध्यक्ष तारा अरूण शर्मा, बिलाईगढ़ जनपद अध्यक्ष भूमिका कत्थाकार, सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. स्निग्धा तिवारी, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, समस्त जनपद सीईओ, खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में चित्रकला, वाद-विवाद, फूड फेस्टिवल, शास्त्रीय गायन, बांसुरी वादन, हारमोनियम वादन, लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी, नाटक, कत्थक, भरतनाट्यम, तबला वादन, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े खेल जिनमें खो-खो, कबड्डी भौंरा, गेड़ी, फुगड़ी आदि खेल शामिल किए गए थे। यह प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग हेतु आयोजित किया गया था। जिले के सभी विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी महिला व पुरूष जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल हुए थे। उक्त आयोजन में विजेता दल एवं प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव से चयनित किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उपचार के दौरान कैदी की मौत,परिजनों ने की जांच की मांग

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** आजीवन कैद की सजा काट रहे कैदी की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत के मामले में परिजनों ने शंका जाहिर करते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार गिरौदपुरी चौकी अंतर्गत ग्राम बरेली के हीरालाल पटेल को न्यायालय ने नाबालिग का अपहरण और बलात्कार के मामले में आरोप सही पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके बाद बुधवार शाम को ही जेल दाखिल किया गया था। जहां गुरुवार सुबह तबीयत बिगड़ी और उसे जिला चिकित्सालय लाया गया,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस तरह अचानक कैदी की मौत हो जाने से परिजनो ने शंका व्यक्त करते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### रिहर्सल करने के दौरान छात्रा की हुई मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजकुमार कॉलेज में एनुअल फंक्शन के दौरान एक छात्रा स्टेज पर रिहर्सल करने के दौरान गिर गई। जिससे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृत छात्रा की उम्र करीब 12 साल है। पुलिस मामले को जांच में लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक घटना की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

### मुख्यमंत्री करेंगे इंद्रावती नदी के करका घाट में बने पुल का लोकार्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले इंद्रावती नदी के करका घाट में 43 करोड की लागत से बने पुल का निर्माण कर लिया गया है। इस पुल की लंबाई 650 मीटर है। यह पुल 24 खंबो पर खडा किया गया है, इसकी चौड़ाई लगभग 09 मीटर है। इससे पहले छिंदनार में पाहुरनार घाट में बने पुल का लोकार्पण हो चुका है। करका घाट में भी पुल का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। पुल में केवल इसे सडक़ से जोडऩे का कार्य शेष रह गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि एप्रोच का कार्य पूरा होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री इसका लोकार्पण करेंगे। ज्ञात हो कि करका घाट में पुल का निर्माण पूरा होने से लोगों की आवाजाही भी शुरू हो चुकी है। इस पुल के बन जाने के दंतेवाड़ा के अलावा बीजापुर और नारायणपुर के लोगों को इंद्रावती नदी के पार करने में अब परेशानियां नहीं उठानी पड़ेगी। इससे पहले डगमगाती डोंगियों से ग्रामीणों को नदी पार करना पड़ता था। जिससे हादसों की आशंका बनी रहती थी। इस पुल के निर्माण से बड़ेकरका, तुमरीगुंडा, कौरगांव, पदमेटा सहित दर्जन भर से ज्यादा गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिल सकेगा।

### त्रिदिवसीय नेशनल एक्सपो का आयोजन 9 से

**रायपुर (आरएनएस)।** इंदौर इंफो लाइन प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीनदिवसीय नेशनल एक्सपो (स्टील एंड पॉवर) का आयोजन साइंस कालेज मैदान में 9, 10 एवं 11 दिसंबर को आयोजित कर रही है। उक्त जानकारी इंदौर इंफो लाइन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार अग्रवाल ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में राजकुमार ने बताया कि यह नेशनल एक्सपो का 12वां आयोजन है। उक्त प्रदर्शनी में 15 हजार से अधिक उत्पादों को लेकर भिलाई मुंबई बैग्लौर, चेन्नई, नईदिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद जैसे महानगरों से सौ से अधिक उत्पादकर्ता अपने विभिन्न मशीनरी मॉडल को लेकर उपस्थित होंगे। प्रदर्शनी में दस हजार से अधिक विजिटर्स आने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में योजना की 57वीं किस्त के रूप में किया 7.83 करोड़ रूपए का ऑनलाईन अंतरण

❑ गोबर विक्रेता पशुपालकों, ग्रामीणों को योजना की शुरूआत से अब तक 188.45 करोड़ रुपए का भुगतान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.62 करोड़ रुपए की राशि में से 4270 स्वावलंबी गौठानों द्वारा 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। पिछले पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गौठनों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया है। स्वावलंबी गौठानों द्वारा अब तक अपने संसाधनों से 29.61 करोड़ रूपए की राशि से गोबर की खरीदी की गई है।

मुख्यमंत्री बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को 7 करोड़ 83 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया। इस राशि में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गौठानों में गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए। गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि ऑन लाईन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को एक करोड़ 28 लाख रुपए तथा महिला समूहों के खाते में एक करोड़ 93 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अवनीश शरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

**अधिक से अधिक गौठानों को उपलब्ध कराएं बेलर मशीन**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की गतिविधियों में युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। इससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार और आमदनी का अच्छा जरिया मिलेगा। बघेल ने कहा कि गौठानों में किसान स्वयं पैरादान कर रहे हैं। पैरादान के लिए किसानों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# ग्राम मचांदुर के गौठान में रखें 40 टैक्टर पैरावट में लगी आग

**दुर्ग (आरएनएस)।** उतई थाना के पुलिस चौकी मचांदुर क्षेत्र के ग्राम मचांदुर के गौठान में पशुओं के लिए पैरा दान किया गया था ।जिसमें अचानक आग लग गई। आग तेजी से पैरावट में फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और पानी छींडक़ाव कर आग पर काबू पाया गया। तब तक पैरावट पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मचांदुर सरपंच दिलीप साहू ने बताया कि गौठान में आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर पंहुचा आग पूरी तरह से फैल चुका था। बड़ी मुश्किल से पैरा एकत्रित किया गया गया था।दुर्ग गग्रामीण विधानसभा में हमारा गौठान पैरा एकत्रित करने में नंबर 1 में चल रहा था। कुछ असामाजिक तत्व के लोग हो सकते हैं।आग लगाने वालें आग कैसे लगा हैं।अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हैं। गौठान में गाय को खिलाने के लिए चारा खत्म हो गया है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा।शास उच्च माध्यमिक विद्यालय मतवारी मे 41 छात्राओं को राज्य शासन की महात्वाकांक्षी योजना नि:शुल्क सरस्वती साइकिल प्रदाय योजना के तहत लाभान्वित किया गया।

# जिले में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ.एफ.आर.निराला के मार्गदर्शन में 15 दिसंबर 2022 तक चल रहे सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान में लगभग 6.5 लाख व्यक्तियों के जांच एवं परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के मध्य चरण तक जिला के लगभग 4.05 लाख लोगों का मितानिनों के द्वारा स्क्रीनिंग पश्चात 703 टीबी के संभावित मरीज चिन्हित किए गए, जिसमें से 418 के द्वारा लैब में स्पूटम एवं एक्स-रे परीक्षण कराया गया। इस दौरान 7 मरीजों का उपचार प्रारंभ किया गया, जबकि कुष्ठ के 651 संभावित मरीज चिन्हित किए गए जिसमें से चिकित्सा अधिकारियों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा 79 का परीक्षण कर 19 कंफर्म केस का उपचार प्रारंभ किया गया है।

सीएमएचओ डॉ.निराला ने बताया कि विभाग में और भी कई कार्यक्रम एक साथ चल रहे हैं, जिसमें बीते 21 नवंबर से 12 दिसंबर 2022 तक चल रहे नसबंदी पखवाड़ा के तहत 6 पुरुषों तथा 27 महिलाओं का सफलतापूर्वक नसबंदी ऑपरेशन कराया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना में नियमित टीकाकरण अभियान में 15 से 49 वर्ष के आयु वर्ग के महिलाओं का एचबी जांच एवं 30 से अधिक आयु समूह के लोगों के गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ कुष्ठ के शंकास्पद मरीजों को सत्यापित की जाएगी।

# पश्चिम बंगाल में बने चक्रवात से हल्की बारिश की संभावना

❑ बादल फटते ही प्रदेश में पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**रायपुर (आरएनएस)।** एक गहरा अवदाब दाब दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित है जो पिछले 6 घंटे में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। यह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में 8.7 डिग्री उत्तर, 50.5 डिग्री पूर्व में, त्रिंकोमाली से 470 किलोमीटर दूर, जाफना श्रीलंका से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर 610 किलोमीटर दूर, कराईकल से पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर 670 किलोमीटर दूर, चेन्नई से पूर्व- दक्षिण-पूर्व की ओर 750 किलोमीटर में स्थित है।

इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए, और अधिक प्रबल होकर चक्रवाती तूफ ान के रूप में आज शाम या रात में परिवर्तित हो सकता है तथा यह दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी तट-उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी और उससे लगे दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के पास 8 दिसंबर के सुबह पहुंचने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर- पश्चिम की ओर लगातार आगे बढऩे की संभावना है।

प्रदेश में इस तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नहीं आ रही है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में 9 दिसंबर को दक्षिणी भाग में आंशिक रूप से बादल और 10 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना है।

प्रदेश में 10 दिसंबर को एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है।

वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: उत्तर क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

अगले 3 दिन में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में है दो से 4 डिग्री वृद्धि तथा बस्तर संभाग में 6 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना है।

अधिकतम तापमान में भी 9 और 10 दिसम्बर को 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट सम्भावित है।

# छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सेवाओं की गूंज पहुंची जिनेवा तक

❑ विश्व स्वास्थ्य संगठन के हेल्थ कॉन्फ्रेंस में दंतेवाड़ा की झलक

❑ कॉन्फ्रेंस में भारत के स्टॉल पर बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को दर्शाया गया



**दन्तेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सेवाओं की गूंज विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय जिनेवा तक पहुंच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वहां 6 दिसम्बर और 7 दिसम्बर को 'ह्यूमन रिसोर्स फॉर हेल्थ विषय पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में भारत के स्टॉल पर बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदर्शित किया गया था। छत्तीसगढ़ में दूरस्थ अंचलों में किस तरह से स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, इसे वहां दर्शाया गया था। कॉन्फ्रेंस में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक सम्मेलन में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव मिला है।

जिनेवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के स्टॉल में सीमित मानव संसाधन से बस्तर में किस तरह से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, इसे दर्शाया गया था। स्टॉल पर बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अधिकारी को खास स्थान दिया गया। दंतेवाड़ा जिले की तुड़पारास हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंजू खरे एवं चितालंका की मितानिन शांति सेठिया का वहां आदमकद कटआउट लगाया गया था। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व डॉ. रोडरिको ऑफ्रिन ने किया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना की सराहना विश्व स्तर पर की गई है। डब्ल्यूएचओ ने वनांचलों और दूरस्थ अंचलों के गांवों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में कारगर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी तैयार की है। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव की मौजूदगी में इस डॉक्यूमेंट्री को रिलीज किया गया। इस फिल्म का प्रदर्शन भी जिनेवा में आयोजित वैश्विक सम्मेलन में किया गया।

# मुख्यमंत्री मितान योजना : घर बैठे जरूरी दस्तावेज प्राप्त करने 41 हजार लोगों ने कराया अपाइंटमेंट बुक



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर बैठे शासकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। योजना के तहत अब तक करीब 41 हजार शासकीय दस्तावेज नागरिकों को घर प्राप्त करने के लिए अपॉइंटमेंट बुक कराया है। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को दस्तावेज संबंधी जानकारी टोल फ्री नम्बर 14545 पर प्रदान की जा रही है। इस टोल फ्री नम्बर पर शासकीय दस्तावेज प्राप्त करने जानकारी ली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को सरकारी दस्तावेज बनवाने हेतु घर पहुँच सेवा 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में प्रारंभ की गई थी। मितान योजना के अंतर्गत प्राप्त सेवाओं में मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना (भूमि उपयोग) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत हो रही है साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिल रही है। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से सुविधाएं आसान हो रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU